# संकट के साथी को हनुमान कहते हैं | By Jai Shankar Chaudhary |

दुनिया के मालिक को भगवान कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं।

जब रिश्तेदार तुमसे मुखड़ा छुपाए,
हनुमान तेरा साथ निभाए।
जब दुनिया वाले दे ना सहारा,
हनुमान पकड़े दामन तुम्हारा।

पढ़ लो सारे वेद और पुराण कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं
दुनिया के मालिक को भगवान कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं।

जो काम इसके बस में नहीं है,
एक काम हमको ऐसा बता दो।
हनुमान खुश हो जाएगा तुमसे,
बस इनको थोड़ा सिन्दूर लगा दो।

दनिया के सारे इंसान कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं
दुनिया के मालिक को भगवान कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं।

दिल से जो इनकी भक्ति करेगा,
हनुमान उसका साथी बनेगा।
'बनवारी' जो भी शरण में रहेगा,
उसका बेड़ा पार करेगा।

इसके बारे में श्रीराम कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं
दुनिया के मालिक को भगवान कहते हैं,
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%9f-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a4-2/